भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1105
दिनांक 13.12.2022/ 22 अग्रहायण, 1944 (शक) को उत्तर के लिए

भारत रत्न पुरस्कार हेतु मानदंड

1105. श्री भागीरथ चौधरी:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' प्रदान करने के लिए कोई निर्धारित मानदंड हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त पुरस्कार किस तिथि को शुरु किया गया था और उपर्युक्त पुरस्कार से अब तक वर्ष-वार कितने नागरिकों को सम्मानित किया गया है;

(ग) क्या सरकार का देश की स्वतंत्रता के लिए क्रांति की भावना को जगाने वाले, खुशी-खुशी फांसी के फंदे पर चढ़ जाने वाले तथा अंग्रेजों के समक्ष बिना क्षमायाचना डटे रहने वाले वीर और क्रांतिकारी शहीदों श्री भगत सिंह, श्री राजगुरु और श्री सुखदेव को देश के सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो उन्हें सम्मान कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ) : देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' 2 जनवरी, 1954 में प्रारंभ किया गया था। जाति, व्यवसाय, पद अथवा लिंग पर बिना किसी भेदभाव के सभी व्यक्ति इस सम्मान के पात्र हैं। यह पुरस्कार मानव प्रयत्न के किसी भी क्षेत्र में की गयी असाधारण सेवा/ सर्वोत्कृष्ट स्तर के निष्पादन के लिए दिया जाता है। भारत रत्न के सम्बन्ध में निर्णय समय-समय पर लिए जाते हैं। इस पुरस्कार के लिए कोई औपचारिक सिफारिश आवश्यक नहीं है। वर्ष-वार, भारत रत्न प्राप्तकर्ताओं की सूची अनुलग्नक पर उपलब्ध है।

******

अनुलग्नक

भारत-रत्न प्राप्तकर्ताओं की सूची

क्रम सं.	नाम	प्रदान किए जाने का वर्ष
1	श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (1878-1972)	1954
2	श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन (1888-1975)	1954
3	श्री चंद्रशेखर वेंकट रमण (1888-1970)	1954
4	डॉ. भगवान दास (1869-1958)	1955
5	श्री मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया (1861-1962)	1955
6	श्री जवाहर लाल नेहरु (1889-1964)	1955
7	श्री गोविन्द बल्लभ पन्त (1887-1961)	1957
8	डॉ. ढ़ोंडो केशव कर्वे (1858-1962)	1958
9	श्री बिधान चन्द्र रॉय (1882-1962)	1961
10	श्री पुरुषोत्तम दास टंडन (1882-1962)	1961
11	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (1884-1963)	1962
12	डॉ. जाकिर हुसैन (1897-1969)	1963
13	डॉ. पांडुरंग वामन काणे (1880-1972)	1963
14	श्री लाल बहादुर शास्त्री (मरणोपरांत) (1904-1966)	1966
15	श्रीमती इंदिरा गाँधी (1917-1984)	1971
16	श्री वराहगिरि वेंकट गिरि (1894-1980)	1975
17	श्री कुमारस्वामी कामराज (मरणोपरांत) (1903-1975)	1976
18	मदर मेरी बोयाजियु (मदर टेरेसा) (1910-1997)	1980
19	आचार्य विनोबा भावे (मरणोपरांत) (1895-1982)	1983
20	खान अब्दुल गफ्फार खान (1890-1988)	1987
21	श्री मारुदुर गोपालन रामचंद्रन (मरणोपरांत) (1917-1987)	1988
22	डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर(मरणोपरांत) (1891-1956)	1990
23	डॉ. नेल्सन खोलिशाशा मंडला (1918-2013)	1990
24	श्री राजीव गाँधी (मरणोपरांत) (1944-1991)	1991
25	सरदार वल्लभ भाई पटेल (मरणोपरांत) (1875-1950)	1991
26	श्री मोरारजी रणछोड़जी देसाई (1896-1995)	1991
27	मौलाना अबुल कलाम आज़ाद(मरणोपरांत) (1888-1958)	1992
28	श्री जहाँगीर रतनजी दादाभाई टाटा (1904-1993)	1992
29	श्री सत्यजीत राय (1922-1992)	1992
30	श्री गुलजारी लाल नन्दा (1898-1988)	1997
31	श्रीमती अरुणा आसफ़ अली (मरणोपरांत) (1909-1996)	1997
32	डॉ. आवुल पाकिर जैनुलआबदीन अब्दुल कलाम (1931-2015)	1997
33	श्रीमती मदुरै षणमुखवडिवु सुब्बुलक्ष्मी (1916-2005)	1998
34	श्री चिदम्बरम सुब्रह्मण्यम (1910-2000)	1998
35	श्री जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत) (1902-1979)	1999
36	आचार्य अमर्त्य सेन (जन्म-1933)	1999
37	श्री गोपीनाथ बरदलै (मरणोपरांत) (1890-1950)	1999
38	पं. रवि शंकर (1920-2012)	1999
39	सुश्री लता दीनानाथ मंगेशकर (1929-2022)	2001
40	उस्ताद बिस्मिल्लाह खां (1916-2006)	2001
41	पं. भीमसेन गुरुराज जोशी (1922-2011)	2009
42	प्रो. चिंतामणि नागेश रामचंद्र राव (जन्म-1934)	2014
43	श्री सचिन रमेश तेंदुलकर (जन्म-1973)	2014
44	पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) (1861-1946)	2015
45	श्री अटल बिहारी वाजपेयी (1924-2018)	2015
46	श्री नानाजी देशमुख (मरणोपरांत) (1916-2010)	2019
47	डॉ. भूपेन्द्र कुमार हज़ारिका (मरणोपरांत) (1926-2011)	2019
48	श्री प्रणब मुखर्जी (1935-2020)	2019

******